# डीपीएस स्कूल में मनाया गया शिक्षक दिवस

आसनसोल। संवाददाता।

दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल में छात्रों ने शिक्षक दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर गुरुजनों के प्रति सम्मान व्यक्त किया क छात्रों ने रोली-तिलक लगा तथा पुष्प तथा हस्तनिर्मित काड्र्स भेंट कर अध्यापकों का आभार व्यक्त कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम का आरम्भ विद्यालय के छात्रों की ओर से प्रस्तुत अध्यापक अभिनन्दन के लिए सुमधुर गीत प्रस्तुति से हुआ। छात्रों ने अपने गुरुजनों की ओर से दी गई शिक्षा के लिए स्वयं को उपकृत मानते हुए अपने जीवन के प्रति माता पिता तथा जीवन को बेहतर बनाने के लिए शिक्षकों का धन्यवाद ज्ञापन किया। प्रधानाचार्य आर.डी. शर्मा ने छात्रों के कार्यक्रम की भूरि भूरि प्रशंसा की तथा कहा कि शिक्षक हम लोगों को आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करते हैं।

